डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0प्र0
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पंत्राकः– ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2020 / 8803 दिनांक 21 जनवरी, 2021

सेवा में,
निदेशक / प्राचार्य / अधिष्ठाता
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021–22 से यू0पी0एस0ई0ई0 के स्थान पर इंजीनियरिंग, फार्मेसी, आर्किटेक्चर इत्यादि में प्रवेश जे.ई.ई. (मेन) के माध्यम से कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया शासन के पत्र संख्याः 136 / सोलह–1–2020–2014(54) / 2012 दिनांक 15.01.2020 में उल्लिखित निर्देशों के क्रम शैक्षिक सत्र 2021–22 से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एन0टी0ए0) द्वारा आयोजित जे0ई0ई0 के माध्यम से कराया जायेगा। इस हेतु सत्र 2021–22 में तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सूचना निम्नवत् हैः–

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित विभिन्न अभियंत्रण एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 के प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा जेईई (मुख्य) प्रवेश परीक्षा –2021 के माध्यम से आयोजित की जा रही है। जेईई (मुख्य) प्रवेश परीक्षा–2021 के आवेदन फार्म एनटीए की वेबसाइट jeemain.nta.nic.in पर उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी एनटीए की वेबसाइट पर जा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जेईई (मुख्य) प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की **अंतिम तिथि दिनांक 16.01.2021 है एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 17.01.2021 है।**

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों, बी.टेक / बीआर्क / एमटेक इंटीग्रेटेड में प्रवेश के लिए जेईई (मुख्य) प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आवेदन करना है। जेईई (मुख्य) प्रवेश परीक्षा 2021 में चार बार आयोजित की जाएगी। इसमें सत्र–1 (फरवरी, 2021), सत्र–2 (मार्च, 2021), सत्र–3 (अप्रैल, 2021) एवं सत्र–4 (मई, 2021) में आयोजित की जाएगी।

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित अन्य पाठ्यक्रमों, बीफार्म, बीएफए, बीएफएडी, बीडेस, बीवाक, एमबीए इंटीग्रेटेड, एमसीए, एमसीए इंटीग्रेटेड, बीटेक लेटरल इंट्री, बी.फार्म लेटरल इंट्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पृथक से राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा अप्रैल / मई, 2021 में होना प्रस्तावित है।

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों बीएचएमसीटी एवं एमबीए में प्रवेश, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा क्रमशः एनसीएचएम जेईई एवं सीमैट के माध्यम से संपन्न होगी। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी एनटीए की वेबसाइट jeemain.nta.nic.in पर विजिट कर सकते हैं।

अतः आपसे अपेक्षा है कि संस्थान स्तर पर उपरोक्त सूचना के व्यापक प्रचार–प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अंतर्गत संस्थान की वेबसाइट पर यह सूचना प्रदर्शित करें तथा संस्थान के नजदीकी माध्यमिक विद्यालयों में भी उक्त व्यवस्था का व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रचार सामग्री का वितरण कराए।

भवदीय,

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव